सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस

दिनांक –17.11.2024

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली जालौन पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 01 ट्रैक्टर चोर को चोरी के ट्रैक्टर मय ट्राली व 01 अदद तमन्चा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 02/03.12.2024 को कोतवाली जालौन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भिटारा स्थित शिवा गार्डन गेस्ट हाउस के सामने से श्री अमरेन्द्र सिंह पुत्र श्री मंगल सिंह नि0 ग्राम मडोरा थाना कुठौंद जिला जालौन का ट्रैक्टर महिन्द्रा 265 DI जिसका रजिस्ट्रेशन नं UP92AK3394 एवं ट्राली अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में श्री अमरेन्द्र सिंह द्वारा कोतवाली जालौन में मु0अ0स0 383/2024 धारा 303(2) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था।

उक्त घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को लगाया गया था, जिसके फलस्वरूप कोतवाली जालौन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटना का सफल अनावरण कर दिनांक 06.12.2024 को अभियुक्त संतराम पुत्र चन्द्रशेखर निवासी ग्राम बरथरी थाना मोठ जनपद झांसी को मय चोरी किये गये ट्रैक्टर नं0 UP92AK3394 मय ट्राली के व एक अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद अवैध तमंचा मय कारतूस के सम्बन्ध में थानास्थानीय में मु0अ0स0 384/2024 धारा 3/25 ए एक्ट अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. संतराम पुत्र चन्द्रशेखर निवासी ग्राम बरथरी थाना मोठ जनपद झांसी

बरामदगी का विवरण-

1. ट्रैक्टर नं0 UP92AK3394 मय ट्राली चोरी का
2. एक अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

अभियुक्त संतराम उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 383/2024 धारा 303(2)/317(2) BNS थाना जालौन
2. मु0अ0स0 384/2024 धारा 3/25 एएक्ट थाना जालौन

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

01. प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली जालौन मय पुलिस टीम।